हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 14 जनवरी 2026

06 हरकत में आया प्रशासन, खाली प्लॉटों में जमा पानी...



07 युवा संगम रोजगार मेला : 92 कंपनियों ने 10 हजार...





## खबर संक्षेप

### प्राइवेट स्कूलों की मान्यता व नवीनीकरण के लिए आवेदन 20 तक

**सीहोर।** राज्य शिक्षा केन्द्र, ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत संचालित प्राइवेट स्कूलों की मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए सभी अशासकीय विद्यालयों को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन माध्यम से मान्यता नवीनीकरण अथवा नवीन मान्यता के लिए आवेदन करना होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई थी, किन्तु तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए इसे बढ़ाकर अब 20 जनवरी 2026 कर दिया गया है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा का अधिकार नियम 11 के उपनियम 4(ग) के तहत यदि कोई स्कूल निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन आवेदन नहीं करता है, तो उस स्कूल को मान्यता विहीन माना जाएगा और विद्यालय का संचालन शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा।

### गणतंत्र दिवस पर प्रदेश के 87 बंदियों की समय पूर्व होगी रिहाई

**सीहोर।** जेल विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के पावन अवसर पर प्रदेश की विभिन्न जेलों में निरुद्ध बंदियों की समय पूर्व रिहाई करने संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। शासन द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निर्णय लिया गया है। जेल विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार इसके तहत प्रदेश की समस्त जेलों में निरुद्ध कुल 481 बंदियों के प्रकरणों पर विधि अनुसार परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत 87 बंदियों को समय पूर्व रिहाई के लिए पात्र पाया गया है।

### बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीजनल एनफ्लूऐन्जा की रोकथाम, बचाव और नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि मौसम में होने वाले बदलाव के कारण सर्दी-खाँसी (इन्फ्लूएंजा) के लक्षण दिखाई दे सकते हैं, इसलिए इस संक्रमण से बचाव के लिये व्यक्तिगत व्यवहार में परिवर्तन आवश्यक हैं। सीएमएचओ सुधीर डेहरिया ने बताया कि इन मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता, समाजिक दूरी, मास्क पहनना आवश्यक है, ताकि संक्रमण न फैले।

### अधिकारियों व आयोजन समिति के साथ बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में की चर्चा, कार्ययोजना से जारी किए दिशा निर्देश

# संभागायुक्त, आईजी, डीआईजी, कलेक्टर व एसपी ने रुद्राक्ष महोत्सव की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### कथा के दौरान रूद्राक्ष वितरण पूर्णतः बंद, भ्रम की स्थिति न बने इसके लिए स्पष्ट सूचना देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कुबेरेश्वर धाम में आगामी 14 फरवरी 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले रूद्राक्ष महोत्सव के दृष्टिगत भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह, आईजी अभय सिंह, डीआईजी राजेश चंदेल, कलेक्टर बालागुरू के., पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, संबंधित अधिकारियों एवं समिति के पदाधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक आयोजित कर महोत्सव के संबंध में चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रशासन तथा समिति द्वारा इस आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं, सुविधाओं, सेवाओं तथा कार्य योजना को पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

बैठक में उन्होंने कहा कि रूद्राक्ष महोत्सव के दौरान देश-प्रदेश से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, ऐसे में प्रशासन और आयोजन समिति दोनों की जिम्मेदारी है कि सभी व्यवस्थाएं समय पर, योजनाबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही सीधे श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्रभावित करेगी, इसलिए सभी अधिकारी और आयोजन समिति अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। बैठक में प्रशासन द्वारा आयोजन समिति को पर्याप्त पार्किंग स्थल की व्यवस्था करने, संकेतक लगाने, भोजन व्यवस्था और इस आयोजन के लिए पर्याप्त संख्या में वॉलेंटियर तैनात करने के लिए कहा गया। बैठक में इस आयोजन के दौरान बेहतर तालमेल बनाए रखने के लिए समिति के सभी पदाधिकारियों, वॉलेंटियर्स और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। यातायात एवं पार्किंग प्लान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों ने निर्देश दिए कि



मुख्य मार्गों एवं हाईवे पर यातायात सुचारू रखने के लिए प्रभावी डायवर्जन प्लान लागू किया जाए। पार्किंग स्थलों का स्पष्ट चिन्हांकन कर अलग-अलग जोन निर्धारित किए जाएं तथा आयोजन समिति एवं प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि श्रद्धालुओं को पार्किंग से कथा स्थल तक सुरक्षित और सुव्यवस्थित आवागमन की सुविधा मिले। ऑटो एवं अन्य वाहनों के लिए निर्धारित स्टैंड, उचित ढलान तथा मार्ग व्यवस्था समय रहते पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कार्यक्रम स्थल को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने आयोजन समिति एवं प्रशासन को पर्याप्त संख्या में वालंटियर तैयार रखने, उन्हें पहचान पत्र उपलब्ध कराने तथा भीड़ प्रबंधन संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। फायर सेफ्टी को लेकर फायर ब्रिगेड, अग्निशमन उपकरण एवं आपातकालीन निकास व्यवस्था पूर्ण रूप से उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए। पेयजल, स्वच्छता एवं विद्युत आवश्यकताओं के संबंध अधिकारियों ने आयोजन स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, प्याऊ, टोंटीयुक्त नल कनेक्शन एवं जल टैंकरों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वच्छता के लिए अस्थाई एवं चलित शौचालयों की पर्याप्त संख्या स्थापित कर सफाई कर्मियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाने तथा कचरा प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित रखते हुए सभी कनेक्शनों की जांच, नो-मैन जोन का पालन एवं विद्युत विभाग की 24 घंटे सतर्कता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

रतकनीकी व्यवस्थाओं के अंतर्गत नेटवर्क कनेक्टिविटी, अनोउंसमेंट सिस्टम एवं एलईडी स्क्रीन व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं को कथा का स्पष्ट प्रसारण एवं आवश्यक सूचनाएं समय-समय पर प्राप्त हो सकें।

### कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



संभागायुक्त संजीव सिंह, आईजी अभय सिंह, डीआईजी राजेश चंदेल, कलेक्टर बालागुरू के., पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला एवं कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ने कथा स्थल, पंडाल क्षेत्र, प्रवेश एवं निकास द्वार, पार्किंग स्थल, भोजनशाला, कंट्रोल रूम सहित समस्त व्यवस्थाओं के लिए चयनित स्थलों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कथा के दौरान 15 जनवरी से 15 मार्च 2026 तक रूद्राक्ष वितरण पूरी तरह से बंद रहेगा तथा आयोजन समिति द्वारा इस संबंध में प्रमुख स्थानों पर स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाए जाएं तथा मीडिया के माध्यम से श्रद्धालुओं इस सूचना को पहुंचाया जाए। चिकित्सा व्यवस्थाओं के संबंध में आयोजन स्थल पर पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस, प्रशिक्षित चिकित्सकीय स्टाफ, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता तथा प्राथमिक उपचार केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए। गंभीर स्थिति में त्वरित उपचार के लिए मिनी आईसीयू स्थापित करने एवं रेफरल व्यवस्था को पूरी तरह तैयार रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एएसपी सुनीता रावत, एसडीएम तन्मय वर्मा, सीएसपी डॉ अभिनंदना शर्मा, आयोजन समिति के समीर शुक्ला, विनय सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# सड़क किनारे नवजात के अंतिम संस्कार का मामला गरमाया जाट समाज ने खोला मोर्चा, दिया सात दिवस का अल्टीमेटम

### जिला अस्पताल की लापरवाही के खिलाफ सड़कों पर उतरने की तैयारी, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला अस्पताल में प्रसव के दौरान हुई लापरवाही और उसके बाद एक बेबस पिता द्वारा सड़क किनारे अपनी नवजात बच्ची का दाह संस्कार करने के मामले ने अब सामाजिक तूल पकड़ लिया है। सप्ताह भर पहले हुई इस घटना पर प्रशासन की चुप्पी से नाराज अखिल भारतीय जाट महासभा आष्टा ने मोर्चा खोल दिया है।

समाज ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर दोषी स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो पूरा आष्टा बंद कर चक्का जाम किया जाएगा। मंगलवार को जाट समाज के बड़ी संख्या में सदस्यों ने अनुविभागीय अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि 2 जनवरी को भैरुंदा निवासी संतोष जाट की पत्नी ममता के साथ जो हुआ, वह केवल चिकित्सा लापरवाही नहीं बल्कि मानवता की हत्या है। अस्पताल में डॉक्टरों की अनुपस्थिति और बाद में पुलिस व प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को सड़क पर बेसहारा छोड़ देना गलत है।

#### क्या था मामला?

गौरतलब है कि जिला अस्पताल में ममता जाट ने एक बेटी को जन्म दिया था, परिजनों का आरोप है कि उचित देखरेख के अभाव में उसकी मौत हो गई थी। न्याय न मिलने पर परिजनों ने धरना दिया, जिसे पुलिस ने हटवा दिया। साधन विहीन दंपत्ति कड़ाके की ठंड में पूरी रात शव लेकर क्रिसेंट चौराहे पर बैठे रहे। अंततः कोई रास्ता न देख पिता ने सुबह सड़क किनारे ही लकडिय़ां बीनकर अपनी मासूम का अंतिम संस्कार कर दिया। सोशल मीडिया पर इस बेबसी की तस्वीरें आने के बाद से ही आक्रोश पनप रहा था।

#### अल्टीमेटम, कार्रवाई नहीं तो चक्का जाम

ज्ञापन सौंपने के दौरान अखिल भारतीय जाट महासभा ने अपनी मांगें स्पष्ट रखी हैं कि प्रसव के समय ड्यूटी से गायब डॉक्टरों और लापरवाह नर्सों पर तत्काल कार्रवाई हो। इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए। पीड़ित गरीब परिवार को हुए मानसिक और शारीरिक कष्ट के लिए न्याय मिले।

#### समाजजनों ने दी चेतावनी

जाट समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि यह ज्ञापन सिर्फ सूचना नहीं, बल्कि चेतावनी है। यदि 7 दिनों के भीतर प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए तो समाजजन 'नगर बंद' का आह्वान करेंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# रन फॉर स्वदेशी, संकल्प स्वदेशी दौड़ का आयोजन

**सीहोर।** स्थानीय बीसीसीआई क्रिकेट ग्राउंड में क्रिकेट के खिलाड़ियों ने रन फ़ॉर स्वदेशी, संकल्प स्वदेशी दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में क्रिकेट के खिलाड़ी एवं कोच की सहभागिता रही। जानकारी देते हुए एकलव्य क्रिकेट एकेडमी कोच चेतन मेवाड़ा अतुल कुशवाहा ने बताया की स्वदेशी संकल्प स्वदेशी दौड़ के लिए स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय परिषद सदस्य अरुषेन्द्र शर्मा जी की प्रेरणा पर यह दौड़ का कार्यक्रम किया गया।

रन फ़ॉर स्वदेशी के पूर्व स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र प्रेरणा संस्मरण एवं स्वदेशी पर सीहोर के प्रसिद्ध डॉक्टर गगन नामदेव एवं अरुषेन्द्र शर्मा ने रन फ़ॉर स्वदेशी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।



खिलाड़ियों को पुरस्कार भी अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्वदेशी से संबंधित नारे जब बाजार जाएंगे सामान स्वदेशी लाएंगे, स्वदेशी अपनाएंगे देश को समृद्ध बनाएंगे जैसे नारे भी खिलाड़ियों के द्वारा बड़े जोर शोर से उत्साह पूर्वक लगाए गए।

# वार्ड 30 में पानी पर 'घमासान', गंदे पानी की शिकायत पर पार्षद प्रतिनिधि ने भी स्वीकारी पाइपलाइन की खामी



**सीहोर।** नगर पालिका के वार्ड नंबर 30 में पेयजल की समस्या को लेकर स्थिति अब वॉटर पॉलिटिक्स और विरोधाभासों के बीच उलझ गई है। मंगलवार को वार्ड में जब क्षेत्र के नागरिकों ने नलों से आ रहे गंदा पानी को लेकर पार्षद प्रतिनिधि को मौके पर बुला लिया। नागरिकों के प्रत्यक्ष प्रमाण के बीच पार्षद प्रतिनिधि को भी यह स्वीकार करना पड़ा कि क्षेत्र की पाइपलाइन में तकनीकी खामी है, जिसके चलते गंदा पानी सप्लाई हो रहा है।

मंगलवार को वार्ड के प्रभावित क्षेत्र के नागरिक पार्षद प्रतिनिधि इरशाद पहलवान को अपने साथ उन गलियों में ले गए, जहां पिछले कुछ दिनों से दूषित पानी की समस्या बनी हुई है। नागरिकों ने जब नलों से निकलता बदबूदार पानी दिखाया तो पार्षद प्रतिनिधि ने भी माना कि पाइपलाइन में कहीं लीकेज या सीवेज के जुड़ाव के कारण यह स्थिति बनी है। उन्होंने जल्द ही इस तकनीकी खामी को दूर करने का आश्वासन दिया है।

#### एसडीएम तक पहुंची शिकायत बीमारी का डर

इससे पहले वार्ड 30 उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे आजम लाला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में रहवासियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। आजम लाला ने इंदौर की एक दुखद घटना दूषित पानी से मौतें का हवाला देते हुए प्रशासन को अवगत कराया था कि तुरंत पाइपलाइन की मरम्मत नहीं हुई तो यहां भी महामारी फैल सकती है। रहवासियों का दावा है कि दूषित पानी के सेवन से कई घरों में लोग पेट दर्द और उल्टी-दस्त के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने पानी की लैब जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

**दूसरे पक्ष ने किया पार्षद का अभिनंदन, बताया था अफवाह :** पानी पर मचे इस घमासान के बीच एक दूसरा पहलू भी सामने आया। शनिवार रात कस्बा क्षेत्र में कुछ नागरिकों ने पार्षद प्रतिनिधि इरशाद पहलवान का साफा बांधकर स्वागत और अभिनंदन किया था। पार्षद समर्थकों और कुछ स्थानीय नेताओं ने गंदे पानी की खबरों को झूठी अफवाह करार दिया था। उनका तर्क था कि वार्ड में 6 ट्यूबवेल, 4 हैंडपंप और 4 कुएं हैं और यहां से पूरे शहर को पानी सप्लाई होता है। उनका कहना है कि वार्ड को बदनाम करने के लिए कुछ लोग राजनीति कर रहे हैं।

**वार्ड में पानी की स्थिति पर सवाल :** पार्षद समर्थकों का कहना है कि वार्ड के 3500 लोगों को पर्याप्त पानी मिल रहा है और बीमारी की कोई आधिकारिक शिकायत नहीं है। हालांकि मंगलवार को जिस तरह से खुद पार्षद प्रतिनिधि ने नागरिकों के साथ जाकर गंदे पानी की बात स्वीकारी है, उसने समर्थकों के दावों पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस पाइपलाइन की मरम्मत कब तक करता है ताकि वार्डवासियों को इस गंभीर समस्या से निजात मिल सके।

### कस्बा क्षेत्र के नागरिकों को अब कस्बे में ही मिलेंगी चिकित्सा सुविधाएं

# विधायक सुदेश राय ने किया मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कस्बा क्षेत्र के नागरिकों को अब समुचित उपचार की सुविधा कस्बा क्षेत्र में ही मिलेगी। नागरिकों को अब जिला अस्पताल तक इलाज के लिए नहीं आना पड़ेगा। विधायक सुदेश राय ने मंगलवार को मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर का रिबन काटकर शुभारंभ किया। शुभारंभ कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर भी उपस्थित रहे।

विधायक सुदेश राय की अनुशंसा से सांसद आलोक शर्मा की विशेष निधि से नगर पालिका परिषद के द्वारा कस्बा क्षेत्र की निजामत के पास मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार की योजना अतर्गत 36 लाख 50 हजार की लागत से सर्व सुविधा युक्त वार्ड क्रमांक 34 में संजीवनी क्लीनिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन का निर्माण किया गया है।



क्लीनिक के माध्यम से कस्बा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड नबर 30, 31 32, 33, 34, 35 में रहने वले 50 हजार से अधिक नागरिकों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनक आयुष आरोग्य मंदिर का संचालन जिला स्वास्थ्य विभाग ऑफिसर डॉक्टर मालती आर्य के द्वारा किया जएगा।

विधायक सुदेश राय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य विभाग के मुखिया राजेंद्र शुक्ला प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा के द्वारा नागरिकों के स्वास्थ्य की भी चिंता की जा रही है। नागरिकों को अच्छे से अच्छी और जल्दी मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 5 से 10 वार्डों के नागरिकों के लिए मुख्यमंत्री सजीवनी क्लीनिक खोले जा रहे हैं। यहां पर डॉक्टर नर्स सहित अन्य स्टाफ भी मौजूद रहेगा।

विभिन्न प्रकार की दवाइयां और इंजेक्शन भी यहां से उपलब्ध होंगे। कस्बा क्षेत्र के नागरिकों के लिए यह मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक लाभदायक सद्ध होगा।

शुभाराम कार्यक्रम में प्रमुख से वार्ड पार्षद हेमा सुदीप व्यास, रजनी सत्यनारायण इरशाद पहलवान, इरफान लाल,अजम नेताजी,तनवीर मजीद अंसारी, चांदनी मालवीय सहित संदीप प्रजापति, अशोक राठौर, कन्हैयालाल मालवीय एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप




### युवा दिवस के अवसर पर विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नालसा की डॉन योजना के अंतर्गत सीहोर स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वप्श्री सिंह ने संकल्प वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति केंद्र में उपचार करा रहे व्यक्तियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुये उन्हें नशा छोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही नालसा की डॉन योजना के प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर निरीक्षण दौरान स्वप्न श्री सिंह ने वृद्धजनों का हाल-चाल जाना उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने वृद्धजनों को स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से सजग रहने की सलाह दी। इस दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिये जिला स्तर पर शिविर आयोजित होंगे

**सीहोर।** दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिये जिला स्तर पर स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में स्वास्थ्य विभाग जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता बच्चों को चिन्हित कर प्रमाण-पत्र प्रदान करने की कर्रवाई करेंगे। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि जुवेनाइल जस्टिस कमेटी के निर्देशानुसार कोई भी दिव्यांग बच्चा चिन्हांकन एवं लाभ से वंचित न रहे, के ध्येय वाक्य के आधार पर प्रत्येक दिव्यांग बच्चे की पहचान, स्क्रीनिंग एवं प्रमाणन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। सभी जिले में स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित करने के निर्देश जिला कलेक्टर्स को दिया गया है। यह कैम्प आगामी एक माह में आयोजित किया जाना है। शिविरों के आयोजन में विधिक सेवा प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्कूल शिक्षा समन्वित प्रयास करेंगे। उन्होंने निर्देश दिये है कि शिविर आयोजन की तिथियों को प्रचार-प्रसार किया जाए इससे अधिकाधिक सहभागिता हो सकें।

खाली प्लॉट में पनप रहा डेंगू और मलेरिया का लार्वा.... शीर्षक से हरिभूमि ने प्रकाशित की थी खबर

# हरकत में आया प्रशासन, खाली प्लॉटों में जमा पानी का तत्काल समाधान शुरू

प्लॉटों में जलभराव की समस्या को लेकर नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी व सीवरेज प्रोजेक्ट से जुड़े इंजीनियर ने संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण किया।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

खबर का असर

नगर की आवासीय कॉलोनियों में खाली प्लॉटों में लंबे समय से जमा पानी से फैल रही गंदगी, मच्छरों के प्रकोप और संभावित बीमारियों के खतरे को लेकर हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित खबर का व्यापक असर सामने आया है। खबर के प्रकाशन के तुरंत बाद नगर परिषद प्रशासन हरकत में आया और संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुँचकर स्थिति का गंभीरता से निरीक्षण किया। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्रीय नागरिकों में राहत और संतोष का माहौल है।

नगर के वार्ड क्रमांक 14 अंतर्गत शारदा नगर क्षेत्र में खाली प्लॉटों में जलभराव की समस्या को लेकर नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) एवं सीवरेज प्रोजेक्ट से जुड़े इंजीनियर ने संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कई स्थानों पर पानी लंबे समय से जमा है, जिससे आसपास के रहवासी परेशान हैं और स्वास्थ्य संबंधी आशंकाएँ बढ़ रही हैं। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद अमले को स्पष्ट निर्देश दिए कि जल निकासी की समस्या का तत्काल और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सीवरेज विभागीय टीम को निर्देशित किया गया कि अगले ही दिन से कार्य प्रारंभ कर दिया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र राहत मिल सके। अधिकारियों ने कहा कि समस्या का न केवल अस्थायी निराकरण होगा, बल्कि दीर्घकालीन समाधान भी लागू किया जाएगा, जिससे भविष्य में जलभराव की पुनरावृत्ति न हो। निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद व नपा उपाध्यक्ष प्रतिभा रितेश मकवाना तथा वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद गौरव शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय नागरिक लंबे समय से इस समस्या को लेकर शिकायतें कर रहे थे, किंतु हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुँचकर कार्रवाई शुरू की। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की कि कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और तय समय-सीमा में समाधान पूर्ण किया जाए।शारदा नगर के स्थानीय निवासियों ने भी प्रशासनिक पहल पर संतोष व्यक्त किया। नागरिकों का कहना है कि खाली प्लॉटों में जमा पानी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा था, जिससे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा था। इस अवसर पर सीएमओ राम प्रसाद भावरे ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगर में जहां-जहां इस प्रकार की शिकायतें सामने आएंगी, वहां बिना विलंब कार्रवाई की जाएगी।


पानी की निकासी के इंतजाम नहीं होने से प्लॉटों में जमा रहता है गंदा पानी, बदबू के कारण रहवासी परेशान

खाली प्लॉट में पनप रहा डेंगू और मलेरिया का लार्वा, दूषित पानी से हो रहे जल स्त्रोत रिचार्ज

18 जनवरी को केशव बस्ती में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन वार्ड क्रमांक 14 स्थित शुभम स्कूल के पास प्रस्तावित है। आयोजन स्थल के सामने ही खाली प्लॉटों में काई, गंदगी और दूषित पानी जमा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

2400 स्कूली बच्चों पर मंडरा रहा खतरा

## कड़ाके की ठंड का असर जारी, मौसम विभाग ने जताई मावठा गिरने की संभावना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर


सीहोर जिला मंगलवार को भी कड़ाके की ठंड की चपेट में रहा। सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहा, जिससे ठंड का असर और बढ़ गया। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में मावठे यानी हल्की बारिश की संभावना जताई है, क्योंकि आसमान में बादलों की आवाजाही बढ़ रही है।

नए साल के पहले महीने के दूसरे सप्ताह में ठंड ने और तीखे तेवर दिखाए हैं। उत्तर दिशा से चल रही ठंडी हवाओं के कारण जिले में पिछले डेढ़ महीने से ठंडी हवाओं का असर बना हुआ है। ठंड के कारण लोग दिनभर गर्म कपड़ों में नजर आए।

### हल्का कोहरा छाया

मंगलवार सुबह ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह करीब 8 बजे तक कोहरा छाया रहा। कोहरे की वजह से सूरज देर से निकला और सड़कों पर वाहनों की आवाजाही भी कम रही। ठंड और कोहरे के चलते आम जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम विभाग के अनुसार रविवार और सोमवार को जिले का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि मंगलवार को इसमें 2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई और तापमान 10 डिग्री रहा। बीते दिनों में न्यूनतम तापमान 5 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा, जिससे कड़ाके की ठंड का एहसास लगातार बना हुआ है।

## ज्योतिष को वेदों का एक अभिन्न अंग माना जाता है: जितेंद्र तिवारी



**सीहोर।** ज्योतिष को वेदों का एक अभिन्न अंग माना जाता है, विशेष रूप से वेदांगों में से एक ज्योतिष, इसका उपयोग धार्मिक अनुष्ठानों, त्योहारों के सही समय और शुभ कार्यों के निर्धारण में किया जाता है, जिससे यह धार्मिक जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन जाता है। इस दृष्टिकोण के समर्थकों का मानना है कि ज्योतिष शास्त्र, खगोलीय घटनाओं के माध्यम से दैवीय इच्छा या ब्रह्मांडीय व्यवस्था को समझने में मदद करता है। उक्त विचार इंदौर से अखिल भारतीय ज्योतिष-वास्तु एसोसिएशन से ज्योतिष पंडित कुणाल व्यास का सम्मान प्राप्त कर लौटने पर स्वागत करते हुए संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने कहे। इस मौके पर पंडित श्री व्यास का शाल श्रीफल से स्वागत सम्मान किया गया।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान ज्योतिष शिरोमणी सम्मान प्राप्त करने वाले पंडित श्री व्यास ने बताया कि इंदौर में देवी अहिल्या विश्व विघालय एवं अखिल भारतीय ज्योतिष-वास्तु एसोसिएशन ज्योतिष-वास्तु-कर्मकांड एवं आध्यात्म के क्षेत्र में किए गए शोध एवं अनुभवशीलता को दृष्टिगत रखते हुए संस्था द्वारा ज्योतिष शिरोमणी से सम्मानित किया गया है। यहां पर मौजूद मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि ज्योतिषाचार्य पंडित कुणाल व्यास तंत्र मंत्र यंत्र वैदिक ज्योतिष न्यूमैरोलॉजी वास्तु वैदिक कर्मकाण्ड में निपुण है। हिंदू धर्म व संस्कृति में ज्योतिष शास्त्र का बहुत महत्व है। ज्योतिष शास्त्र से ही हमें सूर्योदय, सूर्यास्त, सूर्य व चंद्र ग्रहण, ग्रहों की स्थिति, ग्रहों की युति, राशि व ऋतु परिवर्तन आदि की स्पष्ट महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है।

**आगामी दिनों में संस्कार मंच के द्वारा किया जाएगा सम्मेलन :** संस्कार मंच के संरक्षक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि आगामी दिनों में शहर में मंच के द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर ज्योतिष महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्यों के द्वारा शरीर में होने वाले लोगों पर ग्रहों का प्रभाव एवं उनके निवारण के लिए जानकारियां दी जाएगी। इस आयोजन में नेपाल सहित देशभर के ख्यात विद्वान भाग लेंगे। महाधिवेशन में भारत के विभिन्न राज्यों से आए ज्योतिषाचार्य, वास्तुविद और आध्यात्मिक चिंतक ज्योतिष, वास्तु, तंत्र और अध्यात्म के गूढ़ विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

### 200 महिलाओं और युवाओं ने लिया स्वावलंबन का संकल्प



**रेहटी।** स्वामी विवेकानंद की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के पावन अवसर पर रेहटी में उत्साह, उमंग और संकल्पों का एक अद्भुत संगम देखने को मिला। अवसर था रेहटी जागृति महिला संस्थान के 7वें और जागृति महिला बहुद्देशीय सहकारी संस्था के प्रथम स्थापना दिवस समारोह का।

यह आयोजन इसलिए भी खास रहा क्योंकि संस्थान की सीईओ संतोषी तिवारी, जो स्वयं भारत सरकार द्वारा 'राष्ट्रीय युवा पुरस्कार' से सम्मानित हैं, उनके मार्गदर्शन में ग्रामीण युवा और महिलाएं सशक्तिकरण की नई मिसाल पेश कर रहे हैं। विवेकानंद जी के आदर्शों को जीवन में उतारते हुए संतोषी तिवारी स्वयं महिला सशक्तिकरण का एक जीवंत उदाहरण बनकर उभरी हैं, जो सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

दिग्गज मार्गदर्शकों की गरिमामयी उपस्थितिः समारोह में देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शिरकत कर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। वरिष्ठ सामाजिक चिंतक सत्यम श्रीवास्तव, नेशनल फाउंडेशन फॉर इंडिया (NFI) के प्रतिनिधि सत्येंद्र पांडे एवं समीर मलिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने संतोषी तिवारी के नेतृत्व और संस्थान के 7 वर्षों के कार्यों की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण विकास का एक सशक्त मॉडल बताया।

## उत्कृष्ट विद्यालय में सूर्य नमस्कार और युवा दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती पर हुए कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 सीहोर में विवेकानंद जयंती के अवसर पर विद्यालय में सूर्य नमस्कार एवं सूक्ष्म प्राणायाम के पश्चात युवा दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया गया। साथ ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें छात्रों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

स्वागत उद्बोधन में एनएसएस ऑफिसर देवेंद्र राय द्वारा स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉक्टर राजेंद्र देशमुख ने स्वामी जी के प्रेरक प्रसंग से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि गोपाल सोनी जी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों के बारे में विस्तार से बताया।

युवा दिवस के कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने भाषण और रन फॉर स्वदेशी प्रतियोगिता में सहभागिता की कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रही संस्था प्राचार्य सुनीता जैन ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर स्वामी जी के जीवन दर्शन जीवन से विद्यार्थियों को सफलता हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ देवेंद्र साहू द्वारा एवं आभार भौतिकविद अरविंद पटेल द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में जिला स्काउट सचिव संतोष सोनी, स्वतंत्र पाठक एल एन आहूजा, एल एम अहिरवार, एनसीसी एएनओ दिनेश मेवाड़ा रामवृक्ष भारतद्वाज, कुबेर सिंह, प्रीति पवैया, सविता ठाकुर, रुचि लोवानिया, सहित समस्त स्टाफ छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिक सहित 350 स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जल्द मिलेगी 2500 विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा की सौगात

# सीएम राइज सांदीपनी के नवीन भवन का अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

नगर में निर्माणाधीन सीएम राइज सांदीपनी विद्यालय के नवीन भवन का सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया गया और संबंधित ठेकेदार को शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर विद्यालय प्रबंधन को सौंपने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि विद्यालय भवन का निर्माण कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और जल्द ही इसका लोकार्पण कर 2500 छात्र-छात्राओं को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं की सौगात दी जाएगी।निरीक्षण दल में सुधीर कुशवाहा, मारुति शिशिर, रवि मालवीय सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने निर्माणाधीन भवन के विभिन्न हिस्सों—कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, प्रशासनिक कक्ष और आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। साथ ही गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और समय-सीमा के पालन पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय एवं नगर परिषद् अध्यक्ष मारुति शिशिर ने कहा कि करोड़ों रुपये की लागत से बन रहा यह सीएम राइज विद्यालय भवन भैरूंदा तहसील के विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस भवन के शुरू होने से क्षेत्र के बच्चों को निजी स्कूलों की तर्ज पर उच्च स्तरीय सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी, जिससे शैक्षणिक स्तर में गुणात्मक सुधार होगा।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय के प्राचार्य से शैक्षणिक गतिविधियों, आगामी सत्र में होने वाले प्रवेश, शिक्षकों की उपलब्धता और विद्यार्थियों की संख्या को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सीएम राइज योजना मध्य प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक अधोसंरचना उपलब्ध कराना है। इस विद्यालय में बालक और बालिका विद्यार्थी निजी स्कूलों की तर्ज पर समान सुविधाओं के साथ अध्ययन करेंगे। बताया गया कि वर्तमान में सीएम राइज सांदीपनी विद्यालय उत्कृष्ट विद्यालय के भवन में संचालित हो रहा है। जैसे ही नवीन भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होगा, विद्यालय को नए परिसर में शिफ्ट कर दिया जाएगा। नए भवन में स्मार्ट क्लासरूम, कंप्यूटर एवं साइंस लैब, समृद्ध लाइब्रेरी, खेल सुविधाएं तथा अन्य आधुनिक संसाधन उपलब्ध होंगे।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विद्यालय भवन का लोकार्पण शीघ्र किया जाएगा, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र से विद्यार्थियों को नए परिसर में अध्ययन का अवसर मिल सके। जनप्रतिनिधियों ने भी निर्माण एजेंसी को समयबद्ध ढंग से शेष कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अंत में उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सीएम राइज सांदीपनी विद्यालय का यह नवीन भवन भैरूंदा और आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा।

### शोकाकुल सिसोदिया परिवार से भेंटकर केंद्रीय मंत्री ने व्यक्त की शोक-संवेदना



**इछावर ।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पिछले दिन भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य भूपेंद्र सिंह सिसोदिया के इछावर स्थित आवास पर पहुंचे। इस दौरान मंत्री श्री चौहान ने शोकाकुल सिसोदिया परिवार से भेंटकर शोक-संवेदना व्यक्त की। साथ ही श्री सिसोदिया की माताजी और चाचा विजेन्द्र सिंह ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पिछले दिनों भूपेन्द्र सिंह की माताजी और चाचा का देहांत हो गया है।

## कड़कती ठंड में गरीबों को वितरित किए गए कंबल



**रेहटी।** रेहटी तहसील ग्राम ककरदा के समाजसेवी एवं भाजपा नेता अनार सिंह चौहान द्वारा -अपने पिताजी स्वर्गीय राम सिंह चौहान की पांचवी पुण्यतिथि पर मथार वन ग्राम पहुंचकर बारेला समाज के परिवारों को जाकर कंबल वितरित किये इस कार्यक्रम में अनेक सामाजिक कार्यकर्ता भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे प्रमुख रूप से आसाराम यादव, राजेंद्र चौहान, राकेश साहू, सुनील गौर, महेश हरियाले ,करण सिंह बारेला, कमल सिंह प्राचार्य आदि सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस पुण्य कार्य में भाग लेकर अनेक परिवारों को ठंड से राहत प्रदान करने के लिए इस पुण्य कार्य में उपस्थित रहे समाजसेवी राजेंद्र चौहान द्वारा प्रतिवर्ष अपने पिताजी की पुण्यतिथि की स्मृति में एक सप्ताह तक सैकड़ो परिवार के लोगों को जाकर कंबल वितरित करते आ रहे हैं नर्मदा परिक्रमा में परिक्रमा वासियों को भी कंबल बाटेगे जाएंगे इस पुण्य कार्य के लिए अनेक परिवार की मां बहनों ने उन्हें आशीर्वाद दिया कि वह इसी तरह पुण्य के कार्यों में लगे रहे और समाज के लोगों को सहारा देकर उन्हें आगे बढ़ने का प्रयास करते रहें।

## मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल संबोधन, सारंगपुर में युवा संगम रोजगार मेला आयोजित

# युवा संगम रोजगार मेला : 92 कंपनियों ने 10 हजार 112 बच्चे किए चयनित, 5 जिलों की युवाशक्ति हुई शामिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं कन्या पूजन के साथ हुआ। साथ ही वीडियो कार्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सूक्ष्म लघू मध्यम उद्यम एवं जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप शामिल हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में सीहोर, शाजापुर, गुना एवं आगर-मालवा के इस युवा संगम रोजगार मेले के लिए सभी को बधाई एवं प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि मेले में 125 से अधिक कंपनियां सम्मिलित हुई हैं और 16 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। महिलाओं की अच्छी भागीदारी रही, वहीं दिव्यांग भाई-बहनों की उपस्थिति सबसे अधिक प्रसन्नता देने वाली है, क्योंकि उन्हें सामान्य जनों से अलग कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नौकरी केवल नियुक्ति नहीं, बल्कि एक सपना होती है। युवाओं को रोजगार पाने के साथ-साथ भविष्य में रोजगार देने वाला बनना चाहिए। यह मेला स्वावलंबन और सम्मान की दिशा में एक सशक्त प्रयास है।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में युवाओं को रोजगार के निरंतर अवसर : डॉ. सोलंकी

राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में युवाओं को जोड़ने और उन्हें रोजगार देने का निरंतर कार्य किया जा रहा है। हर माता-पिता का सपना होता है कि उनका बच्चा आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर या इंजीनियर बने और सरकार युवाओं को आगे बढ़ने के लिए अवसर दे रही है। उन्होंने कहा कि नौकरियों की संख्या सीमित होती है, फिर भी हमारी सरकार ने 1 लाख 80 हजार लोगों को रोजगार प्रदान किया है। युवाओं को हतोत्साहित न होने की सलाह देते हुए उन्होंने अपना उदाहरण साझा किया कि राजनीति में आने से पहले उन्होंने 13 साल तक मोटर वाइंडिंग का काम किया, फिर पीएससी से प्रोफेसर बने और आप सभी के विश्वास से सांसद बने।

### कौशल ही सफलता की कुंजी, हतोत्साहित न हों युवा : राज्यमंत्री टेटवाल

*राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने कहा कि मेले में बड़ी-बड़ी कंपनियां शामिल हुई हैं, जिनके माध्यम से लगभग 5 हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा तथा 20 हजार युवाओं तक पहुंच बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद एवं अभिनंदन किया तथा विशेष रूप से नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले दिव्यांग भाई-बहनों का हृदय से अभिनंदन किया। युवाओं को जब कौशल विकास का अवसर मिलता है तो विकास के नए आयाम खुलते हैं। कौशल और हुनर को आजीविका से जोड़ना अनिवार्य है। आईटीआई व पॉलिटेक्निक जैसे कार्यक्रम स्किल डेवलपमेंट की मजबूत नींव हैं। हमारा युवा नौकरी मांगने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बने। मध्यप्रदेश का युवा प्रतिभाशाली है, उन पर पूरा विश्वास है।*

### 8 कंपनियां दिव्यांग भाई-बहनों को रोजगार के लिए कटिबद्ध : कलेक्टर

*उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने इस आयोजन से प्रेरणा ली है और आगे भी रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए कंपनियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। कंपनियों की जो उपस्थिति का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, उससे कहीं अधिक कंपनियां यहां सम्मिलित हुई हैं और बड़ी संख्या में युवाओं का पंजीयन किया गया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने बताया कि 8 कंपनियां विशेष रूप से दिव्यांग भाई-बहनों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों, कंपनियों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं का अभिनंदन एवं धन्यवाद किया।*

## 15 लाख का बजट हुआ था स्वीकृत

# गुणवत्ताहीन बन रहा सामुदायिक भवन



**लखनवास।** सामुदायिक भवन की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगना शुरू हो गए हैं। जहां पर रेत की जगह डस्ट वाली चूरी का उपयोग किया जा रहा है और जिम्मेदारों ने खामोशी साध ली है। सीमेंट में डस्ट मिलाने से दीवारें अंदर से खोखली रह जाती हैं जो भविष्य में किसी हादसे को न्योता दे सकती हैं। निर्माण कार्य में ईंट घटिया और कच्ची पीली ईंटों का ढेर लगा है। हाथ से दबाने पर ही चूरा हो जाने वाली इन ईंटों से सामुदायिक भवन की मजबूती पर सवालिया निशान लग गया है। 15 लाख के बजट में ठेकेदार द्वारा ऐसी सामग्री का उपयोग सीधे तौर पर सरकारी धन की बंदरबांट की ओर इशारा करता है। अब देखना है कि क्या प्रशासन इन घटिया ईंटों और डस्ट के मिश्रण पर कोई कार्रवाई करता है या इसे ऐसे ही नजरअंदाज किया जाएगा।

**इनका कहना है...**

हम धूल वाली चूरी नहीं लगने देंगे उसको हटवा देंगे। गुणवत्ताहीन काम नहीं होने देंगे।

प्रवीण, एसडीओ
जनपद पंचायत ब्यावरा

## जल सप्लाई टंकी की सफाई करवाई

**जीरापुर।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने नागरिकों को शुद्ध व गुणवत्ता युक्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निकाय के कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस आदेश का पालन करते हुए नगर परिषद में प्रत्येक जल स्त्रोत ओवरहेड टेंक एवं फिल्टर प्लांट की प्रति 3 माह में साफ सफाई कार्य करने तथा आइल पेंट से अंकित करना एवं समय समय पर फिल्टर प्लांटो का निरीक्षण कार्य संपादित किया जाएगा। जलप्रदाय सप्लाई के समय जल परीक्षण, पाइपलाइनों के लीकेज की दुरुस्ती, बॉल चेम्बरो की साफ सफाई कार्य व्यवस्था को गंभीरता से लेने सीएमओ हरीओम शर्मा ने कर्मचारियों को आदेश जल शाखा के समस्त कर्मचारी को दिए। इस तारतम्य में जलप्रदाय आवास स्थित साढे चार लाख लीटर पानी की टंकी की अंदर से सफाई करवाई। बाहर पुताई पेंट करवाया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर निकाली गई महापुरुष व वीरांगनाओं की झांकियां



**ब्यावरा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विवेकानंद एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल ब्यावरा एवं सिस्टर निवेदिता गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल ब्यावरा ने स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नगर पालिका काम्पलेक्स स्थित स्वामी विवेकांनद की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाश शर्मा एसडीओपी ब्यावरा संस्था के डायरेक्टर शिवम चंद्रवंशी महिमा वर्मा, प्राचार्या अंकिता गुप्ता, नेहा शर्मा, सीमा त्रिपाठी ,कविता नामदेव, संजय सक्सेना उपस्थित रहे। इसके बाद चल समारोह का आयोजन किया गया। चल समारोह का प्रारंभ जिओ मार्ट ब्यावरा से किया गया।

इस चल समारोह में विभिन्न महापुरुष एवं वीरांगनाओं की झांकियां की प्रस्तुति दी गईं। जिसमें स्वामी विवेकानंद, मां शारदा, स्वामी रामकृष्ण परमहंस, दयानंद सरस्वती, राजा राममोहन राय, सरोजिनी नायडू,आर्यभट्ट, गोस्वामी तुलसीदास, चाणक्य, सरदार वल्लभभाई पटेल, बाबा साहेब अंबेडकर, महात्मा गांधी, सिस्टर निवेदिता,भारत माता, विवेकानंद, कल्पना चावला, किरण बेदी, इंदिरा गांधी, जोरावर सिंह, फतेह सिंह, माता गुजरी, रानी दुर्गावती, लक्ष्मीबाई, जीजा माता नेताजी सुभाषचंद्र बोस, शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, तात्या टोपे, टांटिया भील, भगवान बिरसा, मुंडा राणा पूंजा, आदिवासी नृत्य, दिवंगत डायरेक्टर स्वर्गीय रामदयाल वर्मा नगर के प्रमुख मार्ग पर चल समारोह का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का समापन विवेकानंद एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल ब्यावरा मुल्तानपुरा में किया गया।

# तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन की मौत, एक गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

रविवार को क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इन घटनाओं से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। जानकारी अनुसार माचलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोलखेड़ा निवासी जितेंद्र पिता लक्ष्मण माली (22 वर्ष) एवं घनश्याम पिता कैलाश (20 वर्ष) सारंगपुर में आयोजित युवा संगम रोजगार मेले में रोजगार की तलाश में बाइक से आ रहे थे। इसी दौरान सारंगपुर के समीप खासपुरा जोड़ पर एक अज्ञात पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जितेंद्र माली की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घनश्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

वहीं दूसरी घटना में लिमचैहान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दयाखेड़ी की है। यहां फूल सिंह पिता गोकुल भिलाला (31 वर्ष) की दयाखेड़ी रोड पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में शोक का माहौल है। तथा तीसरी घटना सारंगपुर थाना क्षेत्र की है, जहां शिवानी पिता मुकेश प्रजापति (16 वर्ष) की घर में करंट लगने से मौत हो गई।

**स्वामी विवेकानंद स्कूल में विराजित की गई प्रतिमा**

# जयपुर के कलाकारों द्वारा निर्मित स्वामीजी की प्रतिमा लोकार्पित

**राजगढ़।** युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती के अवसर पर नगर के स्वामी विवेकानंद स्कूल में महापुरुष की प्रतिमा का विराजित करते हुए उसका लोकार्पण किया गया। जयपुर के कलाकारों निर्मित इस प्रतिमा के लोकार्पण अवसर पर स्कूल के बच्चों को स्वामीजी के जीवन से जुड़े प्रमुख प्रसंगों एवं पहलुओं से अवगत कराया गया।

इसके साथ ही स्वामीजी के जीवनवृत्त को संगीतमय माध्यम से बच्चों के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य अमित शाहा ने बच्चों को एक साधारण बालक नरेंद्र के स्वामी विवेकानंद बनने तक के सफर के प्रेरणादायी संस्मरण सुनाए। इस अवसर पर न केवल स्कूल के छात्र-छात्राएं



बल्कि कई अभिभावक भी उपस्थित रहे। शाला की उप-प्राचार्या श्वेता व्यास ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय संचालक देवेंद्र जैन एवं प्रीति जैन ने सभी को स्वामीजी की जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### महाविद्यालय में भी आयोजित हुआ कार्यक्रम

स्वामीजी की जयंती के अवसर पर स्थानीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण उपरान्त कॉलेज परिसर से खिलचीपुर नाके तक एक जागरुकता रैली आयोजित की गई। इसके उपरान्त युवा उद्यमियों के उद्धबोधन उपरान्त नवीन बिल्डिंग के पुस्तकालय में स्वामीजी की जीवनयात्रा पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।



## पानी की जांच के लिए वार्डों में पहुंची टीम

**ब्यावरा।** नगर परिषद खुजनेर ने पानी की शुद्धता की जांच करने के उद्देश्य से सोमवार को एक टीम बनाकर नगर के विभिन्न वार्डों में पानी की जांच का बीड़ा उठाया। इस दौरान जांच टीम ने हर एक वार्ड में जाकर पानी का पीएच व अन्य रासायनिक जांच की। इस दौरान वार्डों में सप्लाय किए जाने वाले पानी की शुद्धता सही मापी गई। वहीं नगर परिषद के सीएमओ कृष्णकांत शर्मा भी इस दौरान अपनी टीम के साथ रहे। वहीं परिषद के भूपेन्द्र लोहिया, शाहीन कुरैशी, अमित यादव व अन्य लोग मौजूद रहे। नगर परिषद खुजनेर सीएमओं ने प्रत्येक जल स्त्रोत ओवरहेड टेंक एवं फिल्टर प्लांट की समय समय पर जांच करने की बात पर जोर देते हुए उसे क्रीयान्वित करने के निर्देश भी दिए।

## जिला स्तरीय आयोजन के बाद राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# मेघवाल जांगड़ा समाज ने रैली निकाल दिखाई एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

समाजिक उत्थान, एकजुटता और समाज पर हो रहे विभिन्न अन्याय एवं अत्याचारों के विरोध में मेघवाल, जांगड़ा समाज द्वारा मुख्यालय पर जिला स्तरीय शांतिपूर्ण प्रदर्शन, रैली एवं ज्ञापन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगल भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिले भर के समाजजन एकत्रित हुए। इस कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों ने बिखर रहे समाज को एकसूत्र में पिरोने को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने एकस्वर में कहा कि जब तक हम कुरीतियों को नहीं त्यागेंगे और शिक्षा को बढ़ावा नहीं देंगे तब तक समाज प्रगति नहीं कर पाएगा। हमें उस समाज का निर्माण करना है जिसकी परिकल्पना बाबा साहब भीमराम अंबेडकर करके गए थे।



### निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन


मंगल भवन में आयोजित कार्यक्रम उपरान्त सैकड़ों की संख्या में उपस्थित समाजजनों ने एक रैली का आयोजन किया। यह रैली बाईपास होते हुए कलेक्टोरेट पहुंचकर समाप्त हुई। यहां सभी ने राज्यपाल के नाम 25 सूत्रीय विभिन्न मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। संघटन कोर कमेटी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से राजगढ़ जिले सहित प्रदेश के अन्य जिलों में निवासरत समाजजनों के साथ हुए विभिन्न अपराधों, अन्याय के मामलों की सूक्ष्मता से जांच एवं त्वरित कार्यवाही के साथ ही अन्य मांगे रखी गईं। उन्होंने बताया कि यदि उनकी मांगों एवं समस्याओं पर शासन, प्रशासन एक माह में निराकरण नहीं करता है तो समाज को आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# खुजनेर में चंदन चोरों का आतंक किसान के खेत से चंदन पेड़ चोरी



**खुजनेर।** जहां एक ओर कड़ाके की ठंड, बिजली की समस्या और आर्थिक परेशानियों से किसान जूझ रहे हैं। वहीं अब चंदन चोरों का गिरोहों किसानों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। ताजा मामला खुजनेर क्षेत्र के बखेड रोड स्थित एक खेत का है, जहां अज्ञात चोरों ने चंदन की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार बखेड़ रोड पर स्थित किसान राधेश्याम के खेत से 10 जनवरी की बीती रात अज्ञात चोर चंदन का पेड़ काटकर चोरी कर ले गए। जब किसान राधेश्याम 11 जनवरी की सुबह अपने खेत पर पहुंचे तो वहां चंदन गायब देख वे अचंभित रह गए। किसान ने बताया कि रात के अंधेरे में चोर चंदन काटकर ले गए, जिसकी जानकारी उन्हें सुबह खेत पहुंचने पर लगी किसान राधेश्याम ने बताया कि इससे पहले भी खुजनेर क्षेत्र में कई किसानों के खेतों से चंदन चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक चोरों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाई है।

# सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय में सूर्य नमस्कार का आयोजन



**नरसिंहगढ़।** शासकीय सांदीपनी उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन विधायक मोहन शर्मा के मुख्यआथित्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवम स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय प्राचार्य बृजादित्य सक्सेना ने 0 अतिथियों का स्वागत किया। सूर्य नमस्कार शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लाइव प्रसारण विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधि को दिखाया गया।जीसमें स्वामी विवेकानंदजी का उद्बोधन एवम मुख्यमंत्री के संदेश वाचन दिखाया गया। इसके पश्चात विकास खण्ड के योग प्रशिक्षक अरूण शर्मा एवम राजेश शर्मा के मार्ग दर्शन में विद्यार्थियों एवं अतिथियों ने सूर्य नमस्कार एवम प्राणायाम किया गया।

इस अवसर पर विधायक द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े प्रसंगों को बताते हुए उनके आदर्शो को अपनाने एव स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद सूर्य नमस्कार को प्रतिदिन अपनाने को कहा। इस दौरान खेल प्रशिक्षक प्रभातकांत शुक्ला एवं जीतेन्द्र सोलंकी के मार्गदर्शन में जिला,संभाग, राज्य स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सफलता प्राप्त की उन्हें अतिथियों द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साह वर्धन किया गया।

## ‘राज्य सरकार को 15 दिन के भीतर रोजगार उपलब्ध कराना चाहिए’

**ब्यावरा।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी द्वारा ग्राम भाटपुरा एवं ग्राम निवानीया में पंचायत भवन में पहुंचकर पंचायत के लोगों के साथ मिलकर पटवारी एवं पंचायत सचिव को मनरेगा को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग कि गई कि स्व. डॉ मनमोहन सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण किसान, मजदूर के लिए रोजगार आधारित महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा संबंधित कानून यूपीए सरकार ने बनाया था जो एक अधिकार आधारित कानून है वह प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मजदूरी रोजगार की मांग करने का वैधानिक अधिकार देता है। कानून के अंतर्गत राज्य सरकार 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है अन्यथा सरकार को बेरोजगारी भत्ता देना पड़ेगा। यही वैधानिक गारंटी मनरेगा की मूल और परिभाषित विशेषता है। लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा किया गया संशोधन इस पूरे ढांचे से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की मूल भावना को हटा देता है। ज्ञापन में मांग की गई कि सरकार द्वारा मनरेगा में किए गए संशोधनों पर पुनः विचार करने व मजदूरों के हित में मनरेगा योजना पूर्व अनुसार ही लागू करने संबंधी सलाह देने की कृपा करें।

**विधायक दांगी बोले- इस तरह के खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं**

# जीरापुर प्रीमियर लीग सीजन-2 का समापन, बबलू इलेवन बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

जीरापुर प्रीमियर लीग सीजन-2 का समापन खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। टूर्नामेंट में विभिन्न टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल मुकाबलों में पहले सेमीफाइनल में मेलुखेड़ा वर्सेज लगान के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें लगान टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में बबलू इलेवन वर्सेज सरकार इलेवन के बीच मुकाबले में बबलू इलेवन ने जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंची।

फाइनल मुकाबला लगान वर्सेज बबलू इलेवन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बबलू इलेवन ने शाहरुख शाह के शानदार 99 रनों की बदौलत निर्धारित ओवरों में 142 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए लगान टीम ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन 8 ओवर में 131 रन ही बना सकी। इस



प्रकार बबलू इलेवन ने 11 रनों से जीत दर्ज कर सीजन 2 का खिताब अपने नाम किया। आयोजक अश्विन पंडित, भगवान सिंह मालवीय ने अतिथियों का स्वागत किया। समापन समारोह में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी, हनुमान पाटीदार, राम दांगी, पवन कुशवाह, पार्षद शिव मंडलोई, मुकेश पुष्पद ने पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं। खेल न केवल शारीरिक विकास करता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व की भावना विकसित करता है। जीरापुर प्रीमियर लीग जैसे आयोजन क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। संचालन खेल शिक्षक अरविंद बंसल ने किया। टूर्नामेंट में



गोलू सक्सेना, शकील खान, अकील खान, अश्विन पंडित, सत्यार्थ शर्मा, कृष्णवल्लभ लाला पाटीदार, भगवान सिंह, अफियास खान, पुनीत भावसार, सुजान गुर्जर, लक्ष्मण बना, बाबू मालवीय, महेंद्र ठाकुर, दिलशाद अली, देवा गुर्जर, परवेज खान सहित दर्शक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पोरवाल युवा संगठन ने मनाई विवेकानंद जयंती

**देवास।** अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन देवास द्वारा 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महान विचारक एवं राष्ट्रप्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जन्मजयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संगठन पदाधिकारियों एवं युवाओं ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा उनके प्रेरणास्रोत मंत्र "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए" को जीवन का आधार बनाकर अपने उद्देश्यों की प्राप्ति करें।

### वाटर फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण

**भौरासा।** सोमवार को नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी व उपाध्यक्ष जयसिंह राणा ने जलप्रदाय दरोगा रूप सिंह मालवीय के साथ नगर की पेयजल व्यवस्था हेतु जलस्त्रोतों, पानी की टंकियों और उनसे जुड़ी पाइप लाइनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण इंदौर के भागीरथपुरा में घटित घटना को देखते हुए किया गया। निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि कहीं भी पेयजल पाइप लाइन दूषित जल या अन्य असुरक्षित स्रोतों के संपर्क में न हो जहां संभावित जोखिम पाए गए है, वहां तत्काल सुधार और आवश्यक मरम्मत के निर्देश दिए गए है। नगर परिषद व प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जल की गुणवत्ता और नागरिकों की स्वास्थ्य की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुई विनयांजलि सभा

# मुक्ति सागर जी ने अपने तप बल से मुक्ति रमा को वर लिया: मुनिश्री विश्वसूर्य सागर

मुनि श्री मुक्ति सागर महाराज विनयांजलि सभा मुनिश्री विश्वसूर्य सागर व साध्य सागर सहित गुरु भक्तों ने किया गुरु गुणानुवाद।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

नगर सहित पूरे देश के जन -जन के हृदय में बसे समाधि सम्राट समाधिष्ठ मुनिश्री भूतबलि सागर जी महाराज के पथानुगामी शिष्य पूज्य मुनिश्री मुक्ति सागर जी महाराज का हाल ही में राजस्थान के पिड़ावा में उत्कृष्ट परिणामों के साथ समाधि मरण सम्पन्न हुआ। मुनिश्री ने 16 दिवस की यम सल्लेखना पूर्ण कर समाधि मरण सम्पन्न हुआ।जिसमें देश भर के गुरु भक्तों ने पहुंचकर मुनिश्री के दर्शन कर जीवन को धन्य किया है। यह उल्लेखनीय है कि पूज्य मुनिश्री का आष्टा नगर में तीन बार चातुर्मास का लाभ समाज को प्राप्त हुआ है ,जिसमें भूतबलि सागर महाराज संघ चार साधुगणों द्वारा अभूतपूर्व प्रभावना हुई है। मुनिश्री के समाधि सल्लेखना होने से समस्त गुरु भक्तों की आँखे नम है। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में विनयांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए पूज्य मुनि श्री साध्य सागर जी महाराज ने कहा कि उनकी यादों को उनके शिष्य बता रहे है कि किस तरह का ज्ञान हमें मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के सानिध्य में आने के पश्चात उनके द्वारा दिया है।


विरले ही लोग होते है जो गुरु के दिल में बस जाते है,बहुत प्रयास किया उन्होंने आपको बदलने का ,पर आप नही बदल पाए। उन्होंने अपना जीवन बदल लिया,उनका जीवन का पल -पल साधना में लगा था उन्होंने अपनी साधना के बल पर इस पर्याय को जीत कर मनुष्य पर्याय सार्थक कर ली है ।मुनिश्री साध्य सागर जी मुनिराज ने कहा स्मृतियों को याद कर पा रहे हैं जिन्होंने अपने आप को परिवर्तन किया। आपको बदलने का लेकिन नहीं बदल पाए। सबसे उत्कृष्ट समाधि आचार्य विद्यासागर और आचार्य वीरागसागर महाराज ने की। दोनों ने देश को दुनिया को प्रेरणा दी।घर छोड़कर इंसान मुक्ति का मार्ग पर निकल जाता है। भूतबलि सागर महाराज ने भूतकाल की चर्या को अपने जीवन में चरितार्थ किया।ऐसे गुरुदेव को आप सब ने देखा और उनकी बातों को सुना लेकिन अपने जीवन में क्या उतारा?क्यों परिवर्तन नहीं लाए यह विचारणीय है। विनयांजलि सभा के प्रारंभ में इंदौर से पधारे अभिषेक जैन ने आचार्य विद्यासागर जी, आचार्य समय सागर जी आचार्य ,विराग सागर मुनिराज के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्वलित किया। मुनिश्री विश्वसूर्य सागर महाराज ने कहा कि मुक्ति सागर महाराज ने अपने तप बल से मुक्ति रमा को वर लिया है वे अब इस पंचम काल मे जन्म नही लेंगे।

जीवन कैसे जीना चहिये ये आपको मुक्ति सागर बता कर चले गए ।जिन महान आत्माओं का गुणगान कर रहे हो जिनके सानिध्य में तुम रहे हो ,उनके सानिध्य से तुमने क्या पाया है, केवल गुणगान करने से ही कुछ नही होगा ।उन्होंने क्या कहा उसे धारण करना होगा। अगर हमारे अंदर छल -कपट ,मायाचारी निरंतर चल रही है तो हमारा गुणगान करना सब बेकार है। श्रद्धा भी अपने अंदर लाओ हमारे गुरु हमें क्या देकर गए है, यह ध्यान रखो ।यदि गृहस्थ निर्ग्रन्थ वेश को धारण करता है तो आज तुमने जिस महान आत्मा का गुणगान किया है तो यही कहूंगा कि उन्होंने जैसा मार्ग बताया है उसे अनुशरण करे ।समाज के संरक्षक मुकेश बड़जात्या ने कहा कि मौन सागर जी ने मोन रहकर मोन साधना से अपना मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया ।उन्होंने आष्टा समाज को बहुत कुछ दिया है, जो कि हम उनके उपकार को शब्दों में हम बखान नही कर सकते।सुरेंद्र जैन शिक्षक ने कहा कि मुनिश्री ने संयम के पथ पर बढ़कर दक्षिण भारत के गाडिकॉप ग्राम में जन्म लेकर उत्तर भारत मे जिन धर्म की प्रभावना की है जिनकी साधना आगम के अनुकूल थी ।चतुर्थकालीन चर्या से आज भी पूरा संघ देश मे जाना जाता है।

संतोष जैन जादूगर ,मनीषा जैन, मुनि सेवा समिति के महामंत्री धीरज जैन नीलबड़, रमेशचंद जैन आदिनाथ, संदीप जैन चायघर, समाज अध्यक्ष आनंद जैन, अभिषेक जैन इन्दौर आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री कैलाश जैन चित्रलोक ने किया।

## सूर्य नमस्कार भारतीय संस्कृति योग परंपरा का अभिन्न हिस्सा: सिद्दीकी

### प्राचार्य का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

आधुनिक युग में हम अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक सचेत हुए हैं, और स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न उपायों को जैसे जिम, मॉर्निंग इवनिंग वॉक,कसरत, योगा आदि परंतु इन सभी उपायो में सूर्य नमस्कार एक अद्भुत और सरल योग गतिविधि है जो हमारे शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। कहा जा सकता है कि सूर्य नमस्कार भारतीय योग परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। वैसे तो यह एक प्राचीन विषय है परंतु हमें इस बात पर भी गर्व है मध्य प्रदेश शासन के महती आयोजन को हम 25 जनवरी 2007 से लगभग 19 वर्षों से हम जाति, धर्म,भाषा, समुदाय आदि से उठकर सामूहिक सूर्य नमस्कार और योग दिवस मना रहे हैं। उक्त विचार योग शिक्षक अकबर सिद्दीकी ने विद्यार्थियों के मध्य रखें। तत्पश्चात सामूहिक सूर्य नमस्कार का अभ्यास विद्यार्थियों ने योग शिक्षक के मार्गदर्शन में बारह क्रियाओं को मंत्र उच्चारण के माध्यम से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यादयनी मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण पश्चात राष्ट्रीयगीत से किया गया। इस अवसर पर इसी माह (जनवरी) में सेवानिवृत हो रहे, योग शिक्षक साथी जयनारायण राठौर का विद्यार्थियों की उपस्थिति में विशिष्ट अतिथि बाबूलाल पटेल, कल्याणसिंह ठाकुर, विजेंद्रसिंह ठाकुर मंडल अध्यक्ष, जयसिंह ठाकुर जिला मंत्री, शिवम सोनी, मनोज कुमार वैद्य, नितिन कुमार कौशल प्राचार्य, अजय कुमार मिश्रा उप प्राचार्य द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। योग प्रदर्शन, गीत आदि में सम्मीलित विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में संस्था से मुनेंद्रसिंह तोमर, लोकेंद्रसिंह ठाकुर, दरियावसिंह मालवीय, पवन राठौड़, सुजाता मालवीय, अमरीन खान, धर्मेंद्र खत्री, रामस्वरूप वर्मा, बंटी जाटव, राहुल कुमावत, पूर्णिमा ठाकुर, कीर्ति शर्मा, गजेन्द्र विश्वकर्मा, अनिल कुमार शर्मा, शमीम मंसूरी, कमलेश खत्री, राजेंद्र बरेठा,जानकी धारवा, ज्योति शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम खड़ीहाट में सात दिवसीय भागवत कथा शुरू, निकली कलश यात्रा, विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



आष्टा के ग्राम खड़ी हाट में आज से सात दिवसीय श्री मदभागवत कथा का आज भव्य शुभारम्भ हुआ । कथा के शुभारम्भ के पूर्व ग्राम में बैंड बाजो के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई जिसमे सेकडो श्रद्धालु माताएं बहने सिर पर कलश लिये शामिल हुई,ओर पूरे जुलूस मार्ग पर नाचते गाते हुए नगर परिक्रमा की गई । व्यास पीठ से पूज्या कविता दीदी द्वारा श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि वर्तमान पीढ़ी को पढ़ाई लिखाई के साथ साथ संस्कार एवम धार्मिक शिक्षा दी जाना अत्यंत ही जरूरी है। आज जाति पति के चक्कर ने हमारे सनातन धर्म को कमजोर किया जा रहा है। इसलिए हम सब को मिलकर जात पात के भेद भाव को मिटाना है। आज प्रथम दिवस कथा में सेकडो श्रद्धालुओं द्वारा कथा का रसा स्वादन किया । इस अवसर पर आज निकली कलश यात्रा में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, पूर्व विधायक रघुनाथसिंह मालवीय, डोडी मण्डल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर भी शामिल होने ग्राम खड़ी पहुंचे ओर शामिल हुए।

# ई रिक्शा और सीएनजी ऑटो एसोसिएशन के चालकों की आयोजित हुई बैठक, संदीप अध्यक्ष और नरेंद्र बने उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



ई रिक्शा एवं सीएनजी आंटो एसोसिएशन के चालको की एक बैठक सांवरिया भोजनालय बस स्टेंड पर आहुत की गइ। जिसमें नगर के समस्त ई रिक्शा एवं सीएनजी आटो चालक उपस्थित रहे। उपस्थित सभी ई रिक्शा एवं सीएनजी आंटो ने एक जुट होकर अपनी एसोसिएशन प्रारंभ की। जिसमें सभी ने अपने अपने विचार रखे।

इस अवसर पर उक्त सभी चालको ने अध्यक्ष के रूप में संदीप खेलवाल (संजुबाबा) एवं उपाध्यक्ष नरेन्द्र राठौर को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष संदीप खेलवाल ने बताया कि हम सभी ई रिक्शा एवं सीएनजी आंटो आज से मिलजुल कर एकता के साथ काम करेंगे। हम अपनी किराया लिस्ट तैयार करेंगे, जिससे आनजाने वाले यात्रियों को किसी परेशानी का सामना ना करना पडे। नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप खेलवाल ने सभी चालको का आभार व्यक्त किया। नव नियुक्त का अध्यक्ष एवं बैठक में मुख्य रूप से दिनेश, विशाल, विनोद, रोहित, सलमान भाई, शुभम मेवाडा सहित अनेक चालकगण उपस्थित थे।

### कार्रवाई के नाम पर की महज वेतन वृद्धि पर रोक

**देवास।** नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे ने सोनकच्छ में मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना में अनियमितता पाये जाने पर 3 उपयंत्रियों सहित संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध वेतनवृद्धियां रोकने के निर्देश दिए हैं। कार्रवाई के नाम पर महज वेतन वृद्धि पर रोक लगाई गई है। आयुक्त भोंडवे के निर्देशानुसार अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की शिकायत को सही पाये जाने पर उपयंत्री शिवानी गर्ग और ओमप्रकाश द्विवेदी की वेतनवृद्धियां साथ ही उपयंत्री शशांक शाह की 2 वेतनवृद्धियां संचयी प्रभाव से रोकी गई है।

# शिक्षण संस्थाओं और महाविद्यालयों में हुआ सूर्य नमस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास/भौरासा



स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस पर सम्पूर्ण जिले की शिक्षण संस्थाओं और महाविद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया। जिला मुख्यालय पर सामूहिक सूर्य नमस्कार उत्कृष्ट स्कूल देवास में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वामी विवेकानंदजी के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गान हुआ। रेडियो के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रिकार्डेड संदेश सुनाया गया तथा सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया गया। कार्यक्रम में एक साथ एक संदेश पर सामूहिक सूर्य नमस्कार प्रार्थना मुद्राएं, अनुलोम, विलोम एवं भ्रामरी की मुद्रा आदि क्रियाएं की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के स्मरणों को भी सुनाया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, राजेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती सहित अन्य अधिकारीगण तथा विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### सूर्य नमस्कार किया

**भौंरासा।** नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौंरासा में सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देश के अनुक्रम में सामूहिक सूर्य नमस्कार 12 जनवरी के आयोजन हेतु निर्देश प्रसारित किए गए थे जिसके परिपालन में भौंरासा नगर के विभिन्न विद्यालयों, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, अतिथि उपाध्यक्ष जय सिंह राणा एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा व समस्त शिक्षक एवं बच्चों के द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया।

# शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



मालवा और निमाड़ की राजनीति में गहरी पैठ रखने वाले आष्टा से विशेष स्नेह रखने वाले मध्यप्रदेश के पूर्व गृह मंत्री वर्तमान में वरिष्ठ विधायक बाला बच्चन की बेटी प्रेरणा बच्चन के भीषण वाहन दुर्घटना में हुए देहावसान पर पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने उनके गृह ग्राम कासेल विधान सभा राजपुर जिला बड़वानी पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट की।

उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा महाविद्यालयीन जन भागीदारी समिति के पूर्वाध्यक्ष प्रदीप प्रगति, पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाह तथा युवा समाजसेवीगण अर्जुन सिंह अजय, विनोद सिंह राजपूत, पल्लव जैन प्रगति अभिभाषक ने भी शोक संतप्त परिजन से भेंट कर संवेदनाएं व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि पूर्व गृह एवम चिकित्सा मंत्री डॉ बाला बच्चन ने अपने दो बार के मंत्रित्वकाल में आष्टा में चिकित्सकों की कमी दूर की थी और बाद में क्षेत्र की जरूरत के मुताबिक पार्वती थाना की स्थापना भी उनके गृहमंत्री रहते हुए हुई थी। कमलनाथ सरकार में चिन्हित आष्टा क्षेत्र के ग्राम झिलेला और आसपास के ग्राम में आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस सेंटर की स्थापना के लिए भी उनकी गहरी रुचि रही।

पूर्व गृह मंत्री के सरल एवं विकासोन्मुखी स्वभाव के कारण प्रदेश भर में उनके परिचित उनके गृह ग्राम पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे है आष्टा सहित सीहोर जिले से भी लगातार सुधीजन का शोक संवेदना हेतु पहुंचना हो रहा है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ

# स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




फिटनेस को बढ़ावा देने एवं स्थानीय खेल प्रतिभाओं की पहचान करने के उद्देश्य से देवास विधानसभा में दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन देवास-शाजापुर सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में किया जा रहा है। सोमवार को सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ किया गया। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ सयाजी द्वार से खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट निकाला, जो नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ ओलंपिक खेल मैदान पर पहुंचा। तिरंगे गुब्बारे आसमान में उड़ाकर खेल महोत्सव की शुरुआत की गई। शुभारम्भ कार्यक्रम में राधाबाई हायर सेकेंडरी स्कूल एवं चिमनाबाई हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने रस्साकशी, वॉलीबॉल एवं 100 मीटर दौड़ की शुरुआत करवाई। सांसद खेल महोत्सव के शुभारम्भ कार्यक्रम में सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी ने राष्ट्रीय युवा दिवस की सभी को बधाई देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद सभी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। इस वजह से देवास में सांसद खेल महोत्सव के शुभारम्भ 12 जनवरी से किया जा रहा है। युवाओं में वायु जैसी गति और सामर्थ्य होता हैं। सांसद खेल महोत्सव केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि खेल के माध्यम से समाज के हर वर्ग को जोड़ने की पहल बनकर सामने आएगी। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी हमारे जीवन का अंग है। खेल हमेशा टीम भावना को जन्म देता है। खेल से प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है और यहीं प्रतिस्पर्धा की भावना हमें जीवन में बढ़ने में मदद करती है। जिले के लिए गर्व की बात है कि चार खिलाड़ी एशियन गेम्स में सॉफ्ट टेनिस में चयनित हुए है। खिलाडियों ने अलग-अलग विधा में प्रदेश और देश में देवास जिले का नाम रोशन किया है। एसपी पुनीत गेहलोद ने सभी प्रतिभागी खिलाडियों का बधाई देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी प्रत्येक विधा में पूर्ण क्षमता से भाग लें और खेल भावना से आगे बड़े। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की ऊर्जा जीवन के हर क्षेत्र में काम आती है। सांसद खेल महोत्सव में सभी शासकीय एवं अशासकीय तथा सीबीएसई विद्यालयों के खिलाड़ी शामिल हो रहे है। सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता पायोनियर पब्लिक स्कूल में, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, रस्सा कसी, सॉफ्टबॉल, एथलेटिक्स एवं सॉफ्टबॉल की प्रतियोगिताएं ओलंपिक मैदान पर, फुटबॉल सेंट थॉम स्कूल, बैडमिंटन एवं बास्केटबॉल कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में होगी।

# स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ के संकल्प के साथ मनाया युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा




स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ के संकल्प के साथ युवा दिवस मनाया। जिला महासचिव एडवोकेट पल्लव प्रगति युवा दिवस पर सीएम रईस सांदीपनी विद्यालय मुगली रोड आष्टा पर भारतीय जैन संघटना जिला इकाई सीहोर आष्टा द्वारा युवा दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिभावान छात्र छात्राओ का सम्मान किया गया।

जिला इकाई के संरक्षक नरेंद्र गंगवाल, लोकेंद्र बनवट, विपिन बनवट द्वारा बीईओ सलोनी शर्मा मेम एवं बीआरसी अजबसिंह राजपूत, संस्था के प्राचार्य सितवात खान सर सहित विद्यार्थियों का सम्मान किया। इस अवसर पर संघटना के जिलाध्यक्ष प्रीति जितेंद्र जैन, जिला महासचिव एडवोकेट पल्लव प्रगति, वरिष्ठ समाज सेवी जितेंद्र जैन, जिनी जैन, अनिरुद्ध जैन उपस्थित रहे।